# MEDIA CCOVERAGE

# डीसी ने विश्व आदिवासी दिवस 1645 हेक्टेयर भूमि के सामुदायिक वन पट्टा का किया वितरण



**देशप्राण संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर उपायुक्त शशि रंजन,उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, वन प्रमंडल पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारियों ने वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत नवाबाजार प्रखंड के 12 ग्रामों में कुल 1645 हेक्टयर भूमि के सामुदायिक वन पट्टा का वितरण किया। इस दौरान समाहरणालय के सभागार में आये लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी।सभी ने एक सुर में सरकार व जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।इस अवसर पर उपायुक्त श्री रंजन ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि वनों पर निर्भर लोगों को उनका अधिकार देने के लिए सरकार व प्रशासन गंभीर है।उन्होंने कहा कि प्रशासन वन पट्टा हासिल करने के योग्य हर व्यक्ति को उसका हक दिलाने के प्रति संकल्पित है। उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू को अबुआ वीर दिशोम वनाधिकार अभियान के अंतर्गत तीव्र गति से बड़ी संख्या में भूमिहीन पात्र लोगों के बीच वनपट्टा वितरण कराने की संपूर्ण कार्रवाई करने को लेकर निर्देशित किया।

## कंडा में ग्राम स्वशासन अभियान के तहत 32 प्रधान एवं उप प्रधान को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



**नावा बाजार पलामू।** नावा बाजार विकास सहयोग केंद्र द्वारा चलाए जा रहे ग्राम स्वशासन अभियान के तहत नावा बाजार प्रखंड के 16 गांव में ग्राम सभा द्वारा चयनित किया गया है। जिसमें 32 प्रधान एवं उप प्रधान को प्रशिक्षण कंडा कार्यालय में दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश था कि प्रधान एवं उप प्रधान को ग्राम सभा के नियम कानून तथा उनकी जिम्मेदारियों से उन्हें अवगत कराना। प्रशिक्षण में महिला एवं पुरुष दोनों मौजूद थे। यह प्रशिक्षण जवाहर मेहता, मुनेश्वर सिंह, देवलाल भगत, शकील एवं अनिल पासवान के द्वारा दिया गया। प्रक्षिक्षण के दौरान सभी प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण में आवेदन लिखना अर्थात सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजना बनाओ अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त किया।

### आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में खोढ़ी पंचायत में रही ग्रामीणों की भीड़

## वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान का किया गया शिलान्यास

# गाँधी जयंती समारोह का आयोजन एवं काम मांग अभियान की शुरूआत

उत्कल मेल, संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** ग्राम कंडा के गाँधी आश्रम में विकास सहयोग केंद्र संस्था एवं कंडा ग्राम सभा के लोगों ने गाँधी जयंती समारोह का आयोजन किया. समारोह के शुरू में रैली निकला गया और उसके बाद गाँधी आश्रम में स्थापित गाँधी जी के प्रतिमा पर कंडा के मुखिया नरेन्द्र सिंह, स्वतंत्र सेनानी के परिवार रमेश विश्वकर्मा , गिरजा विश्वकर्मा विकास सहयोग केंद्र संस्था के अध्यक्ष जवाहर मेहता द्वारा माल्यार्पण किया गया उसके बाद वहाँ उपस्थित सभी लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रधांजलि दिया. एवं भजन, गीत एवं भाषण कार्यक्रम किया गया.

सभा को संबोधित करते हुए कंडा के मुखिया ने कहा गाँधी के सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलाना चाहिए एवं गांव को स्वच्छ बनाये रखना चाहिए. संस्था के जवाहर मेहता ने कहा कि आज दुनिया में युद्ध चल रहा है और अशांति उत्पन्न हो रहा है. ऐसे में गाँधी सत्य एवं अहिंसा का सिद्धांत और ज्यादा प्रासंगिक हो गया है. गाँधी जी के दक्षिण अफ्रीका एवं चम्पारण में सत्य एवं अहिंसा के प्रयोग के बारे में जानकारी दिया.

अनिल पासवान ने कहा कि गाँधी जी स्वराज की बात करते थे उसका मतलब है कि हमारे गांव में हमारा राज्य. परन्तु गांव के लोग ऐसा नहीं कर रहे हैं. वे सरकारी आदेश के गुलाम होते जा रहे हैं. इन्होने लोगों को हर गांव को स्वच्छ बनाने पर जोर दिया. साथ ही कहा आज सभी पंचायत में विशेष ग्राम सभा होना है. इस मौके पर हम लोग सभी पंचायत में काम मांगो अभियान की शुरूआत कर रहे है . आज से अभियान एक माह तक चलेगा और इस दौरान मनरेगा मजदूर को जॉब कार्ड बनाने , डिलीट जॉब कार्ड को एक्टिभेट कराने एवं काम मांग कराने का कार्य किया जायेगा . ग्राम पंचायत के साथ मिलकर काम दिलाने का काम कराया जायेगा. कार्यक्रम का संचालन मुनेश्वर सिंह के द्वारा किया गया. इस मौके पर अवध सिंह , पूनम देवी , दीपिका ठाकुर , निकी कुमारी, देवलाल भगत , योगेन्द्र विश्वकर्मा , शिल्पा कश्यप , पंचम कुमार , ईशा बनर्जी , विदांत बंसल , संदीप कुमार, अद्रिता चक्रवर्ती, किरण देवी सहित 200 लोग शामिल थे.

प्रकाश उपस्थित थे।

## मडुआ के बीज पर किसानों को प्रशिक्षण



**मेदिनीनगर (पलामू):** विकास सहयोग केंद्र संस्था के कार्यालय कंडा, नावा बाजार के किसानों को मडुआ के बीज रखने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। संस्था द्वारा इस वर्ष नावा बाजार मे 250 किसानों के द्वारा 40 एकड़ मे मडुआ एवं अन्य मोटे अनाजों की खेती करवाया गया था। इसमे से हर ग्राम पंचायत से चयन कर 25 किसानों को बीज प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देने के लिए वासन संस्था, हैदराबाद के दीक्षा आलोक एवं भैरव सैनी आए थे। इनके द्वारा बीज के गुणवता के बारे मे बताया गया। बीज मे मिलावट न हो इसे काटकर अलग रखने , बीज के लिए पुष्ट पौधे का चयन करने, अच्छे पहली का चयन कर तोड़ने आदि की जानकारी दिया गया। इसके भंडारण करने के तरीके बताए गए। सभी किसानों को इटकों ग्राम के विमला देवी के मडुआ लगे खेत मे ले जाकर ऑन द स्पॉट प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उदेश्य स्थानिये स्तर पर मिलेट खासकर मडुआ का गुनवाता पूर्ण बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। सभी किसानों को काम से कम 10 किलोग्राम अच्छा बीज रखने को कहा गया। प्रशिक्षण मे सरयू भुईयां, नीरा देवी , कुंती देवी , मकुन राम , विरेन्द्र कुमार , लालपति देवी , मीना देवी , प्रमिला देवी , काजल देवी , दिनेश्वर सिंह , प्रतिमा देवी , सोनरवा देवी , गणेश परहिया , राम सहाय सिंह , विजय सिंह आदि ने भाग लिया।

विकास सहयोग केंद्र और मल्टी आर्ट्स एसोसिएशन संस्था द्वारा आयोजित

# तीन दिवसीय जीपीडीपी प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ

उत्कल मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** इस कार्यक्रम में 48 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 4 पंचायतों के 11 पीआरआई सदस्य भी शामिल थे।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को प्रभावी ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) तैयार करने और उसे लागू करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना था।

पहले दिन, प्रतिभागियों ने भागीदारी योजना, लोकतांत्रिक मूल्यों और जीपीडीपी प्रक्रिया में हितधारकों की भूमिका पर केंद्रित इंटरैक्टिव सत्र और समूह गतिविधियों में भाग लिया। दूसरे दिन, उन्होंने बरवाडीह प्रखंड के केड ग्राम पंचायत के चार गांवों का दौरा किया और विभिन्न समुदाय समूहों के साथ संवादात्मक सत्र में भाग लिया। तीसरे दिन, प्रतिभागियों ने जीपीडीपी के लिए तैयार की गई योजना की प्रस्तुति की एवं और ई-ग्राम स्वराज पोर्टल के बारे में जानकारी प्राप्त की।

प्रशिक्षण के दौरान पारदर्शिता, जवाबदेही और योजना प्रक्रिया में नागरिक भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया। ई-ग्राम स्वराज पोर्टल नागरिकों को जीपीडीपी कार्यान्वियन की प्रगति को ट्रैक करने और पारदर्शिता बनाए रखने में कैसे मदद करेगा इसके बारे में बताया गया।

श्री बलराम, जवाहर मेहता, जेम्स हेरेंज, सुभद्रा पाणिग्रही एवं अनिल पासवान रिसोर्स पर्सन के रूप में भाग लेकर विषयवार जानकारी दिया एवं प्रशिक्षण को सफल बनाया।

# बीडीओ से की डीलर की शिकायत




**नावाबाजार.** रजहारा पंचायत के चेचन्हा गांव के करीब दो दर्जन राशन कार्डधारियों ने जनवितरण प्रणाली दुकानदार शिवशंकर मेहता के खिलाफ राशन वितरण नहीं करने की शिकायत की है. कहा है कि पर्ची निकालने के बावजूद मनमाने तरीके से राशन दिया जाता है. किसी लाभुक को दो तो किसी को तीन तो किसी को चार महीने से राशन नहीं दिया गया है. कार्डधारियों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद को आवेदन देकर राशन वितरण कराने की मांग की है. बीडीओ ने इसे गंभीरता से लेते हुए प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी प्रभु राम को कार्डधारियों को एक दिन के अंदर राशन वितरण कराने की बात कही. साथ ही जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को कार्य प्रणाली में सुधार लाने की चेतावनी दी

[redacted]

...म्बित कर दी गई. उपसभापति को राज्यसभा के सभी एक प्रस्ताव द्वारा उनके कार्यालय जाना चाहिए. -शेष पेज 11 पर प्रस्ताव रखा जिसे ध्वनिमत से मंजूरी दे





### ाबाजार प्रखंड के 12 गांवों के लोगों को मिला वन अधिकार का पट्टा मिला

# 545 हेक्टेयर भूमि के सामुदायिक वन पट्टा का वितरण

संवाददाता । मेदिनीनगर

आदिवासी दिवस पर शुक्रवार समाहरणालय सभागार में ...म आयोजित कर उपायुक्त ...रंजन, डीडीसी शब्बीर अहमद, ...मंडल पदाधिकारी समेत अन्य ...धिकारियों ने वन अधिकार ...नियम 2006 के तहत ...बाजार प्रखंड के 12 गांव में कुल ... हेक्टेयर भूमि के सामुदायिक ...ट्टा का वितरण किया.

इस दौरान समाहरणालय के ...र में आये लाभार्थियों के चेहरे ...खुशी दिख रही थी. सभी ने एक ... सरकार व जिला प्रशासन को ...वाद करते हुए कहा कि वनों ...निर्भर लोगों को उनका अधिकार देने के लिए सरकार व प्रशासन गंभीर है.

उन्होंने कहा कि प्रशासन वन पट्टा हासिल करने के योग्य हर व्यक्ति को उसका हक दिलाने के प्रति संकल्पित है. उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू को अबुआ बीर दिशोम वनाधिकार अभियान के अंतर्गत तीव्र गति से बड़ी संख्या में भूमिहीन पात्र लोगों के बीच वनपट्टा वितरण कराने की संपूर्ण कार्रवाई करने को लेकर निर्देशित किया. उन्होंने कल्याण पदाधिकारी को वन क्षेत्र के अंतर्गत हर गांव में वनाधिकार समिति (एफआरसी) अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति (एसडीएलसी) व जिलास्तरीय वनाधिकार समिति (डीएलसी) को सक्रिय रखने पर बल दिया.

उपायुक्त ने सभागार में मौजूद ग्रामीणों से वनाधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत वन क्षेत्र में निवास करनेवाले लोगों को उनके अधिकार की जानकारी पहुंचाने के सहयोग करने की अपील की. मौके पर उपरोक्त के अलावे अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, एसडीओ समेत ...गाबाजार से आये बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.



वन पट्टा पाने वाले लाभुकों के साथ डीसी, डीडीसी व अन्य.

## ...श्व आदिवासी दिवस पर नगर भवन में कार्यक्रम आयोजित

## चेतलाल रामदास ने